SPECIAL EDITION
52997
डिजिटल संस्करण
इंडिया
# राष्ट्रीय समाचार
राष्ट्रीयसमाचार.com
"सत्य की खोज,
10-10-2025
चंडीगढ़,हरियाणा,पंजाब,हिमाचल

# चंडीगढ़ फर्नीचर एसोसिएशन ने किया “MSME अवेयरनेस सेशन” का आयोजन






चंडीगढ़ : चंडीगढ़ फर्नीचर एसोसिएशन ने उद्योग विभाग यू.टी. चंडीगढ़ के सहयोग से होटल पर्ल, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में “MSME अवेयरनेस सेशन” आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री विशाल सभरवाल, अधीक्षक (उद्योग विभाग) रहे।सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद एसोसिएशन के प्रधान योगराज बंसल और चेयरमैन नरेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। मंच संचालन प्रवक्ता भारत शाह ने किया।मुख्य अतिथि ने MSME क्षेत्र के महत्व और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। लीगल कंसल्टेंट जसपिंदर कौर ने “ऑनलाइन विवाद समाधान” पर, जबकि ESIC के रीजनल डायरेक्टर पंकज वोहरा ने “SPREE” योजना पर प्रस्तुति दी। पंजाब नेशनल बैंक के एजीएम सिद्धार्थ मित्तल ने MSME वित्तीय सहायता योजनाओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में 100 से अधिक MSME उद्यमियों ने भाग लिया। अंत में अध्यक्ष योगराज बंसल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

खबर के लिए संपर्क करें :- 78143-61199